an>

Title: Need to provide immediate relief to the farmers whose crops have been destroyed due to hailstorm in Mandla Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला) : महोदया, इस समय मध्य प्रदेश में लगातार अतिवृष्टि से वहां के किसान प्रभावित हुए हैं।

माननीय अध्यक्ष : अब इसी विषय पर एक चर्चा शुरू होनी है। अभी इस पर एक मिनट में बोलकर बैठ जाइए। लम्बी चर्चा उसमें कीजिएगा।

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते : महोदया, मैं विशेषकर अपनी पार्लियामेंटरी कंस्टीटयुन्सी के बारे में बोलूंगा। वहां दिनांक 12 फरवरी, नौ मार्च और अभी 16 मार्च को अतिवृष्टि हुई है। यहां तक कि उससे मवेशियों की मृत्यु भी हुई है। हमारे पास मध्य प्रदेश की स्थिति है। विशेषकर सिवनी जिले में इससे 269 गांव प्रभावित हुए हैं।

माननीय अध्यक्ष : आपके सी.एम. वहां घूमकर देख भी रहे हैं।

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते : महोदया, इससे मध्य प्रदेश के लगभग 2,945 गांव प्रभावित हुए हैं। मेरी कंस्टीटयुन्सी के तीनों जिले इसमें शामिल हैं।

इसलिए मैं चाहता हूं कि इसके बारे में एक अध्ययन दल भेजकर शीघ्र ही इस पर कार्रवाई हो और हम लोगों की सहायता कर सकें।